## एक नजर में

### मां ताप्ती के उद्गम स्थल की भूमि में हेरफेर का आरोप

**बैतूल.** जिले के मुलताई स्थित मां ताप्ती नदी के उद्गम स्थल की भूमि से जुड़े राजस्व रिकॉर्ड में गंभीर गड़बड़ी और अतिक्रमण का मामला सामने आया है. ताप्ती विकास प्राधिकरण समिति ने कलेक्टर जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है. समिति का आरोप है कि नदी के प्राकृतिक प्रवाह क्षेत्र की भूमि के रिकॉर्ड में वर्षों से हेरफेर की गई है, जिससे धार्मिक आस्था को ठेस पहुंची है और भविष्य में बड़ी आपदा की आशंका भी बढ़ गई है. ताप्ती विकास प्राधिकरण समिति मुलताई की ओर से दीपक कालभोर ने जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया.

### अवैध रेत खनन पर रोक की मांग

**भिण्ड.** जिले में अवैध रेत खनन और रेत माफिया की सक्रियता को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. लहार एसडीएम विजय सिंह यादव पर रेत से भरे ट्रैक्टर से हमला किए जाने की घटना पर विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. गोविंद सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर जिले में अवैध रेत उत्खनन पर तत्काल और सख्त कार्रवाई की मांग की. डॉ. सिंह ने पत्र में उल्लेख किया है कि 15 दिसंबर को मिहोना बायपास मार्ग पर सुबह करीब 11 बजे बिना रॉयल्टी के रेत से भरे दो ओवरलोड ट्रैक्टरों का परिवहन किया जा रहा था. इसी दौरान एसडीएम पर हमले का प्रयास किया गया, जिसमें वाहन क्षतिग्रस्त हो गया.

### सुपारी किलर शूटर सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना.** सुपारी लेकर हत्या करने आये तीन आरोपियों को पुलिस ने घटना को अंजाम देने के पहले ही गिरफ्तार कर लिया. एसपी पन्ना निवेदिता नायडू ने बताया कि 15 दिसंबर को थाना प्रभारी गुनौर माधवी अग्निहोत्री को एक सूचना प्राप्त हुई. इसके बाद पुलिस ने गुनौर स्थित विद्युत कार्यालय के पास एक बिना नम्बर की बुलेरो कार में 03 संदेही व्यक्तियों इद्दी उर्फ इदरीश, मुकेश सिंह चंदेल और छोटू को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की. उनके पास एक देशी पिस्टल, 3 कारतूस और 02 कार बरामद की गयीं। ये तीनों आरोपी एक व्यक्ति की सुपारी लेकर हत्या के इरादे से आए थे. आरोपियों से पूछताछ की जा रही है.

# प्रदेश में कर्मी कल्चर होगा समाप्त

## कार्यभारित और आकस्मिकता स्थापना के पदों पर अब भर्ती होगी बंद

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 16 दिसंबर. प्रदेश में लंबे समय से कार्यभारित और आकस्मिता स्थापना के तहत विभागों में भर्ती होती रही है, लेकिन अब आने वाले दिनों में इस तरह की भर्ती नहीं होगी.**

प्रदेश में स्थायी और अस्थायी नौकरी के भेद को खत्म करने की तैयारी राज्य सरकार ने की है, जिसके तहत प्रदेश में केवल चुनिंदा पद ही अस्तित्व में रहेंगे. इनमें नियमित, संविदा, आउटसोर्स और अंशकालिक जैसे पद शामिल हैं. इस तरह प्रदेश में



अब अस्थाई कर्मी कल्चर को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा.

कैबिनेट ने मंगलवार को इस संबंध में पेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है, जिसके तहत राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में स्वीकृत स्थायी और अस्थायी पदों के विभेदीकरण को समाप्त किया जाएगा. मौजूदा स्वीकृत अस्थायी पदों को स्थायी पदों में परिवर्तित करने के लिए सेवा भर्ती नियम में जरुरी बदलाव किये जाएंगे, वहीं कार्यभारित और आकस्मिक स्थापना के सभी पदों को सांख्येतर घोषित किया जाएगा. इस तरह के पदों पर अब कभी नियुक्ति नहीं होगी. सामान्य तौर पर अब तक निर्माण कार्य से जुड़े विभागों में इस तरह के पदों पर भर्ती की जाती थी, जिससे कि कम वेतनमान में सरकार को मैदानी अमला मिल सके. निर्णय के तहत प्रदेश में केवल नियमित, संविदा, आउटसोर्स, अंशकालिक जैसे पद ही अस्तित्व में रहेंगे. इससे कर्मचारियों के भेद को कम करने में मदद मिलेगी. कैबिनेट ने अनूपपुर, मंडला और डिंडोरी जिलों में अपर नर्मदा परियोजना, राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना और बसानिया बहुउद्देशीय परियोजना के डूब प्रभावितों के लिए 1,782 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज स्वीकृत किया है.

### सड़क योजना में 10 लाख के काम भी होंगे

कैबिनेट ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना में विभाग में 10 लाख या उससे अधिक लागत राशि के कार्य स्वीकृत किए जाने की अनुमति दी है. स्वीकृति अनुसार 693 करोड़ 76 लाख रूपये की लागत के लगभग 3810 कार्य पूर्ण किए जा सकेंगे.

### सीएम उद्यम क्रांति योजना जारी रहेगी

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक जारी रहेगी. इसके लिये 905 करोड़ 25 लाख रुपये के खर्च की मंजूरी दी गई है.



# प्रदेश में कोहरा और शीतलहर

## 22 जिलों में कोहरे का अलर्ट जारी

**भोपाल, 16 दिसंबर. एमपी में कड़ाके की ठंड के साथ शीतलहर और घना कोहरा छाया हुआ है. मौसम के इस बदले मिजाज ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है. मौसम विभाग ने 22 जिलों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है, जिनमें 12 जिलों में आरेंज अलर्ट घोषित किया गया है.**

इन जिलों में दृश्यता 50 मीटर तक सिमटने की आशंका जताई गई है. कई शहरों में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री के आसपास पहुंच गया है, जिससे ठंड का असर और तेज हो गया है. मौसम विभाग के अनुसार 17 दिसंबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिसके चलते ठंड और बढ़ सकती है. पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा, हालांकि भोपाल, रायसेन, इंदौर और शाजापुर जिलों में शीतलहर का स्पष्ट प्रभाव देखा गया. बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान उज्जैन संभाग के जिलों में 2.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जबकि अन्य संभागों में अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं दर्ज किया गया. उज्जैन और रीवा संभागों के जिलों में तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री तक कम रहा, जबकि शेष संभागों में तापमान सामान्य के आसपास बना रहा. मौसम विज्ञानियों के अनुसार वर्तमान में जम्मू क्षेत्र के ऊपर 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण के रूप में सक्रिय है.

अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में कहीं-कहीं मध्यम से घना और अति घना कोहरा छाने के साथ शीतलहर चलने की संभावना है. भोपाल, विदिशा, सिंगरौली, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, दमोह, सागर, मैहर, रायसेन, सिहोर, राजगढ़, शाजापुर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सीधी, मऊगंज, सतना, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, रीवा और छतरपुर जिलों में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है. न्यूनतम तापमान की बात करें तो बीते 24 घंटों में सभी संभागों में कोई खास बदलाव नहीं हुआ. भोपाल संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.8 डिग्री तक कम रिकॉर्ड किया गया, वहीं इंदौर और उज्जैन संभागों में यह सामान्य से 1.8 से 2.9 डिग्री तक कम रहा. बाकी संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य बना हुआ है.

# 25 को ग्वालियर आ रहे अमित शाह

## सख्त सुरक्षा, बंद रहेंगे शहर के कई रास्ते

### 25 को शहर में रहेगी चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

**ग्वालियर, 16 दिसंबर. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के ग्वालियर दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस महकमे ने व्यापक सुरक्षा व यातायात व्यवस्था की रूपरेखा तैयार कर ली है।**

25 दिसंबर को प्रस्तावित इस वीआईपी दौरे के दौरान शहर में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रहेगी और कई प्रमुख मार्गों पर यातायात डायवर्ट किया जाएगा। हालांकि, केंद्रीय गृह मंत्रालय से अभी औपचारिक कार्यक्रम जारी



होना शेष है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जानकारी के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री वायुसेना के विशेष विमान से ग्वालियर एयरबेस पर पहुंचेंगे और वहां से सीधे मेला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। एयरबेस से कार्यक्रम स्थल तक पूरे मार्ग पर जमीन से लेकर हाइराइज इमारतों तक सुरक्षा निगरानी की जाएगी। गृहमंत्री के आगमन से पहले शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### यह रहेगा वीआईपी रूट

एयरबेस से निकलने के बाद वीआईपी काफिला एयरपोर्ट तिराहा, दीनदयालनगर, पिंटो पार्क, गोला का मंदिर, दूध डेयरी, भाऊसाहब पोतनीस एनक्लेव के सामने से होते हुए मेला मैदान पहुंचेगा।

# बोरगांव के मंगेश का आईपीएल में 5 करोड़ 20 लाख में हुआ चयन

**छिंदवाड़ा, 16 दिसंबर. जिला पांढुरना के सौंसर विकासखंड के ग्राम बोरगांव के मंगेश यादव का आईपीएल में चयन होने पर गांव में हर्ष का माहौल हैं. मंगेश यादव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्राम बोरगांव स्थित लिटिल स्टेप स्कूल से पूर्ण की.**

विद्यार्थी जीवन से ही क्रिकेट के प्रति उनकी लगन और मेहनत सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रही है. आज मंगेश यादव की इस उपलब्धि से ग्राम बोरगांव गौरवान्वित है. उनकी सफलता से गांव के युवाओं में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और आगे बढने की प्रेरणा मिली है. यह उपलब्धि आने वाली पीढियों के लिए मार्गदर्शक बनेगी. होनहार खिलाड़ी मंगेश




यादव को आईपीएल ऑक्शन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 5 करोड़ 20 लाख में अपनी टीम में शामिल किया. छिंदवाड़ा के इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान में अपने क्रिकेट की शुरुआत करने वाले मंगेश यादव के लिए आज का दिन बहुत बड़ा और संघर्षों की जीत है.


# रेल मदद पर यात्री शिकायतों का तत्पर समाधान

## भोपाल मंडल ने यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की

### 21 मिनट में शिकायतों का औसत निस्तारण

**भोपाल, 16 दिसंबर. पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल ने यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और शिकायत निवारण में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है.**

मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में ''रेल मदद'' पोर्टल और मोबाइल एप के माध्यम से यात्रियों की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण किया जा रहा है. इस प्रयास के परिणामस्वरूप मंडल में



85 प्रतिशत यात्री संतुष्टि दर्ज की गई है. भोपाल मंडल ने ''रेल मदद'' को एक सशक्त शिकायत निवारण मंच के रूप में विकसित किया है. हेल्पलाइन 139 समेत अन्य सभी शिकायत माध्यम पोर्टल और एप में एकीकृत किए गए हैं. शिकायत दर्ज होते ही संबंधित विभाग को तुरंत सूचना दी जाती है और निरंतर निगरानी के साथ समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाता है. वर्तमान वित्तीय वर्ष (अप्रैल 2025-नवम्बर 2025) में 32,714 शिकायतों का भी शत-प्रतिशत समाधान सुनिश्चित किया गया है.

भोपाल मंडल की यह उपलब्धि रेलवे प्रशासन की तत्परता, संवेदनशीलता और यात्री-केन्द्रित कार्य संस्कृति का प्रतीक है, जो भारतीय रेल में एक अनुकरणीय मॉडल के रूप में उभर रही है.

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि 16 जून 2024 से ''रेल मदद'' वॉर रूम संचालित है, जिससे शिकायतों का औसत निस्तारण समय केवल 21 मिनट है. वॉर रूम के प्रभारी मयंक शर्मा के अनुसार विभिन्न विभाग वाणिज्य, विद्युत, सी एंड डब्ल्यू, मेडिकल और रेल सुरक्षा बल 24 घंटे समन्वय के साथ कार्य करते हैं, जिससे समयबद्ध और प्रभावी समाधान संभव हो पा रहा है. पिछले वित्तीय वर्ष में कुल 36,372 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका 100 प्रतिशत निस्तारण किया गया.

# मध्यप्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र आज

## विकसित एमपी का रोडमैप सदन के पटल पर रखेगी सरकार



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 16 दिसंबर. मप्र विधानसभा का एक दिनी विशेष सत्र 17 दिसंबर को आहूत किया गया है. विशेष सत्र के दौरान मप्र सरकार विकसित मप्र 2047 का रोडमैप सदन के पटल पर रखेगी, उसके बाद मप्र को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने पर सदन में दिनभर की चर्चा होगी.**

चर्चा का जवाब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देंगे. पक्ष और विपक्ष के दस-सदस्य इस रोडमैप पर सदन में अपना-अपना पक्ष रखेंगे. विशेष सत्र के लिये विधानसभा सचिवालय ने 12 दिसंबर को अधिसूचना जारी की थी. सबसे दिलचस्प बात यह कि 69 वर्ष पहले मप्र के गठन के बाद पहला विधानसभा सत्र 17 दिसंबर 1956 से 17 जनवरी 1957 तक आहूत किया गया था. यहां बता दें कि देश को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने का लक्ष्य रखा गया है, उसी क्रम में मप्र सरकार ने भी केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाते हुए इस अवधि तक मप्र को भी विकसित राज्य बनाने का संकल्प जाहिर किया गया है.


इसके लिये बाकायदा रोडमैप तैयार भी तैयार किया गया है. इस अवधि तक मप्र की अर्थव्यवस्था के आकार को बढ़ाकर 250 लाख करोड़ करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे कि मप्र भी केंद्र सरकार के भारत को लगभग 30 ट्रिलियन डॉलर इकॉनोमी बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में योगदान दे सके. वहीं इस समय मप्र की जीएसडीपी लगभग 13.6 लाख करोड़ रुपये का है. इस लक्ष्य को हासिल करने के लिये मप्र को प्रतिवर्ष कम से कम 9 फीसदी की दर से अर्थव्यवस्था को बढ़ाना होगा.

तब मप्र की जीएसडीपी का आकार 2.1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकेगा. मप्र ने इस अवधि में प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाकर 22 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंचाने का रोडमैप तैयार किया है. इस समय प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय एक लाख 60 रुपये प्रतिवर्ष है. विकसित मप्र के रोडमैप पर चर्चा के लिये ही ये विशेष सत्र आहूत किया गया है. सत्र के दौरान पक्ष और विपक्ष के कुल 20 सदस्यों को सदन में अपनी बात रखने का मौका मिलेगा, लेकिन ऐन वक्त पर बोलने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है.

# अभ्युदय मध्यप्रदेश क्विज से जुड़ रहे हैं नागरिक

**भोपाल, 16 दिसंबर. मध्यप्रदेश में डॉ मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के बीच अभ्युदय मध्यप्रदेश क्विज प्रारंभ की गयी है और इससे हजारों की संख्या में युवा, विद्यार्थी और आम नागरिक जुड़ रहे हैं.**

मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी के अनुसार अब तक दस हजार से अधिक प्रतिभागियों ने इस क्विज में भाग लिया और प्रश्नों को हल करके प्रमाणपत्र हासिल किए. बीते 24 घंटों में 20 हजार से अधिक लोगों ने प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी लेने के लिए वीर भारत न्यास की वेबसाइट को देखा. तिवारी ने बताया कि यह



प्रतियोगिता मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में दो वर्षों के दौरान 'विरासत से विकास, संकल्प से समृद्धि' की अवधारणा को जांचने का एक माध्यम है. इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विरासत से विकास पर आधारित 24 प्रश्नों को रखा गया है. विजेताओं को स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) 12 जनवरी को भोपाल में आयोजित समारोह में 24 भव्य पुरस्कार लैपटॉप, ई-बाइक, ई-स्कूटी, 24 विक्रमादित्य वैदिक घड़ी तथा मुख्यमंत्री के साथ हाई टी पर मिलने का मौका मिलेगा. तिवारी ने कहा कि यह क्विज प्रदेश की विरासत को संरक्षित करते हुए विकास के प्रति विश्वास और समृद्धि के पथ पर संकल्प को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है.

### ज्ञान व उत्तरदायित्व हो रहा है प्रोत्साहित

तिवारी ने कहा कि विरासत के संरक्षण, सेवा भाव, सुशासन और दायित्वबोध के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने विकास के दो सफल वर्ष पूर्ण किए हैं. परंपरा, धार्मिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों के सम्मान के साथ संस्कृति को केंद्र में रखकर प्रदेश निरंतर नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर हैं. अभ्युदय मध्यप्रदेश क्विज़ इसी दृष्टि का सशक्त माध्यम है, जो युवाओं को हमारी सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक चेतना और विकास यात्रा से जोड़ता है. यह आयोजन ज्ञान, उत्तरदायित्व और सहभागिता को प्रोत्साहित करता है. तिवारी ने बताया कि यह आयोजन मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, जनसंपर्क विभाग, वीर भारत न्याय की ओर से कृषि उद्योग विकास परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है.

### बेटी की शादी का झांसा देकर 20 लाख हड़पे, जमीन भी निकली पराई

**इंदौर.** बेटी की शादी का बहाना बनाकर एक महिला से 20 लाख रुपए उधार लेना और बदले में ऐसी जमीन का एग्रीमेंट थमा देना, जो खुद के नाम पर ही दर्ज नहीं थी. इस धोखाधड़ी के मामले में लसूड़िया पुलिस ने एक किसान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है. थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि बिज्जू खेड़ी निवासी नीतू मदावाडिया की शिकायत पर गांव के ही रहने वाले जितेंद्र सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है. शिकायत में बताया गया कि अप्रैल 2024 में जितेंद्र सिंह ने अपनी बेटी की शादी का हवाला देते हुए नीतू से 20 लाख रुपए की जरूरत बताई थी.

नई उपलब्धि — उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दो वर्ष की उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए पत्रकार वार्ता में कहा-

# चूहों की समस्या के लिए नए भवन हैं विकल्प

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 16 दिसंबर. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश के पुराने अस्पतालों में चूहों की समस्या के समाधान के लिये ही अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर नये भवन बना रहे हैं.**

उन्होंने कहा कि इंदौर के एमवाय अस्ताल की बिल्डिंग 70 वर्ष पुरानी है, वहां कई वर्षों से इस तरह की शिकायत सुन रहे थे, इसलिये ही अब वहां 773 करोड़ रुपये की लागत से नया भवन बनाया जाएगा. यह बात उन्होंने मंगलवार को एक सवाल के जवाब के दौरान कही. लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा



विभाग की दो वर्ष की उपब्धियों का ब्यौरा उन्होंने पत्रकारों को दिया. इस दौरान उनसे जबलपुर के सरकारी अस्पताल के आईसीसीयू में चूहों के आतंक को लेकर सवाल पूछा गया था. इससे पहले भी इंदौर के एमवाय अस्पताल के आईसीसीयू में चूहों द्वारा बच्चों को कुतर लेने का मामला सामने आया था. वहीं सतना में थेलेसिमिया पीड़ित चार बच्चों को एचआईवी पॉजीटिव ब्लड चढ़ा देने के मामले में उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच के लिये कमेटी बना दी गई है. प्रमुख सचिव इस मामले को देख रहे हैं. उन्होंने बताया कि चार में एक बच्चे के माता-पिता पहले ही एचआईवी पीड़ित थे, बाकी तीन के मामले की जांच की जा रही है और उनकी हिस्ट्री देखी जा रही है कि उन्हें कहां-कहां से ब्लड लेकर दिया गया. इस मामले में बहुत जल्द हम नतीजे पर पहुंचेंगे. प्रदेश में चिकित्सा और पेरामेडिकल स्टॉफ की कमी के सवाल पर उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों में पद बढ़ा रहे हैं, वेतन बढ़ाने का काम भी करेंगे, यदि अलग से इंटेंसिंव भी देना पड़े तो देंगे. शुक्ल ने कहा कि शासकीय एमबीबीएस सीटों की संख्या 2275 से बढ़कर 2850 हो गई है तथा शासकीय एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर कुल एमबीबीएस सीटें 5550 तक पहुंच चुकी हैं. पीजी सीटों की संख्या 1262 से बढ़कर 1468 हुई है.

### नए सत्र में दमोह, बुधनी और छतरपुर में नए मेडिकल कॉलेज शुरू होंगे

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने पत्रकारों से कहा कि चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है. शासकीय मेडिकल कॉलेजों की संख्या 14 से बढ़कर 19 हो चुकी है तथा निजी मेडिकल कॉलेज 12 से बढ़कर 14 हो गए हैं. आगामी शैक्षणिक सत्र से दमोह, बुधनी और छतरपुर में नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए जाएंगे, राजगढ़, मंडला और उज्जैन में मेडिकल कॉलेज स्थापना का कार्य तेजी से प्रगति पर है. इसके अलावा पीपीपी मॉडल के तहत 9 जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें कटनी, धार, पन्ना और बैतूल में निर्माण कार्य शुरू हो चुका है.

नवभारत

*यदि आप में समाज के लिए कुछ करने का जुनून है तो*

**आवश्यकता है**

देश के कई राज्यों से प्रकाशित हिंदी दैनिक नवभारत पत्र समूह के भोपाल संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार रहेगा।

**रिपोर्टर (पद-3)**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का कार्य अनुभव। पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता स्वयं का वाहन अनिवार्य है

**उपसंपादक (पद-2)**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का डेस्क कार्य अनुभव भाषा, व्याकरण एवं अनुवाद का ज्ञान खबरों के संपादन में दक्षता पत्रकारिता एग्जीक्यूटिव कता

**मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (पद-3)**
योग्यता - स्नातक, मार्केटिंग क्षेत्र मे कम से कम 1 वर्ष का अनुभव, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

**सरक्यूलेशन एक्जीक्युटिव (पद-3)**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार के प्रसार विभाग में कार्य अनुभव की प्राथमिकता, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

**डीटीपी कम्प्यूटर ऑपरेटर (पद-2)**
योग्यता - कम से कम 3 वर्ष का कार्य अनुभव की प्राथमिकता

: संपर्क करें :
स्थान : नव भारत प्रेस परिसर 3, इंदिरा प्रेस काम्प्लेक्स रामगोपाल महेश्वरी मार्ग, एम. पी. नगर, जोन-1, भोपाल
8839490247 Email: hr.navabharat1934@gmail.com